# GSEB Std 9 Hindi Textbook Solutions Chapter 23 जब मैंने पहली पुस्तक खरीदी

**Std 9 GSEB Hindi Solutions जब मैंने पहली पुस्तक खरीदी Textbook Questions and Answers**

**स्वाध्याय**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

**प्रश्न 1. माँ की स्कूली पढ़ाई पर जोर देने से लेखक की पढ़ाई पर क्या असर हुआ?**
उत्तर :
बालक भारती बाहर की पुस्तकें और पत्र-पत्रिकाएं ही ज्यादा पढ़ते थे। मां को चिन्ता रहती कि बिना कक्षा की किताबें पढ़े लड़का पास कैसे होगा? एक दिन पिता ने पुत्र से वादा कराया कि वह पाठ्यक्रम की किताबें भी ध्यान से पढ़ेगा और माँ की चिन्ता दूर करेगा। बालक भारती पर इसका असर हुआ। उन्होंने जो-तोड़ परिश्रम किया, जिससे तीसरी और चौथी कक्षा में उनके अच्छे अंक आए। पांचवीं कक्षा में वे फर्स्ट आए तो माँ की आँखों में आंसू आ गए उसने बेटे को गले से लगा लिया। इस प्रकार स्कूली पढ़ाई पर माँ के जोर देने से बालक भारती पाठ्यक्रम की पुस्तकें भी ध्यान से पढ़ने लगे और उन्होंने माँ की चिन्ता दूर की।

**प्रश्न 2. लेखक की प्रिय पुस्तक कौन-सी थी? वे किन बातों से सम्बन्धित थी?**
उत्तर :
लेखक की प्रिय पुस्तक स्वामी दयानंद सरस्वती की जीवनी 'सत्यार्थ प्रकाश' थी। उसमें ऐसी ऐसी घटनाएँ थीं, जिनमें तत्कालीन पाखंडों का विरोध करने में स्वामीजी ने अदम्य साहस दिखाया था। स्वामीजी मूर्ति-पूजा के विरोधी थे। ईश्वर और सत्य की खोज में वे तीर्थों, जंगलों में खूब भटके थे और उन्होंने साधुओं का संग किया था। वे रूढ़ियों का खंडन करते थे। उन्होंने अपने हत्यारे को क्षमा कर दिया था। इस तरह दयानंदजी से सम्बन्ध रखनेवाली अनेक बातें बड़ी रोचक शैली में उनकी जीवनी में दी गई हैं।

**प्रश्न 3. माँ के दिये हुए रुपयों का लेखक ने क्या किया? क्यों?**
उत्तर :
माँ ने भारतीजी को पिक्चर देखने के लिए दो रुपये दिये थे। मां चाहती थी कि इन रुपयों से टिकट लेकर लेखक अपना मनोरंजन करे। लेकिन लेखक ने ऐसा नहीं किया। उसने मां के दिए हुए रुपयों से 'देवदास' नाम की पुस्तक खरीद ली। इसका कारण यह है कि लेखक के मन में किताबें इकट्ठा करने की धून सवार हो गई थी।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-दो वाक्यों में लिखिए :**

**प्रश्न 1. बचपन में लेखक के घर में कौन-कौन सी पत्रिकाएँ आती थी?**

उत्तर :

लेखक के घर में 'आयमित्र', 'साप्ताहिक', 'वेदोदय', 'सरस्वती और गृहिणी' ये पत्रिकाएँ आती थीं। इनके अलावा 'बालसखा' और 'चमचम' ये दो बालपत्रिकाएं खास लेखक के लिए आती थीं।

**प्रश्न 2. बचपन में लेखक को स्वामी दयानन्दजी की जीवनी क्यों पसंद थी?**

उत्तर :

स्वामी दयानंदजी की जीवनी रोचक शैली में लिखी हुई थी और अनेक चित्रों से सुसज्जित थी। उसमें स्वामीजी के जीवन की अनेक रोमांचक घटनाएं थीं, जो लेखक को प्रभावित करती थीं। इसलिए बचपन में लेखक को स्वामी दयानंदजी की जीवनी अधिक पसंद थी।

**प्रश्न 3. लेखक को अंग्रेजी में सबसे अधिक अंक पाने के बाद उपहार में कौन सी दो पुस्तकें मिली थी और उनसे लेखक को क्या जानकारी प्राप्त हुई?**

उत्तर :

अंग्रेज़ी में सबसे अधिक अंक पाने पर लेखक को उपहार में दो अंग्रेजी पुस्तकें मिली थीं। पहली पुस्तक से लेखक को पक्षियों की जातियों, उनकी बोलियों और आदतों के बारे में जानकारी मिली। दूसरी पुस्तक 'ट्रस्टी द रग' थी, जिससे लेखक को जहाज के प्रकारों तथा नाविकों और मछलियों के बारे में जानकारी प्राप्त हुई।

**प्रश्न 4. लेखक की माँ ने लेखक को कितने रुपये दिये? क्यों?**

उत्तर :

लेखक की माँ ने लेखक को पिक्चर देखने के लिए दो रुपये दिए थे, लेकिन लेखक पुस्तक की दुकान से दस आने की 'देवदास' नाम की पुस्तक खरीदते हैं।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए :**

**प्रश्न 1. लेखक को बचपन से क्या शौक था?**

उत्तर :

लेखक को बचपन में पाठ्यक्रम से बाहर की पत्रिकाएं, पुस्तकें आदि पढ़ने का शौक था।

**प्रश्न 2. लेखक के पिता कहाँ के प्रधान थे?**

उत्तर :

लेखक के पिता रानीमंडी स्थित आर्यसमाज संस्था के प्रधान थे।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**प्रश्न 3. लेखक की प्रिय पुस्तक कौन सी थी?**

उत्तर :

लेखक की प्रिय पुस्तक स्वामी दयानंद सरस्वती की जीवनी 'सत्यार्थ प्रकाश' थी।

**प्रश्न 4. लेखक कौन-सी फिल्म देखने गये ?**

उत्तर :

माँ ने फिल्म देखने के लिए दो रुपये दिये थे, लेकिन लेखक ने 'देवदास' नाम की पुस्तक खरीद ली, फिल्म नहीं देखी।

**प्रश्न 5. लेखक की माँ की आँखों में आँसू क्यों आ गए?**

उत्तर :

कल्पना न होने पर भी भारतीजी पांचवीं कक्षा में फर्स्ट आए तो मारे खुशी के मां की आंखों में आंसू आ गए।

## 4. निम्नलिखित शब्दों के हिन्दी शब्द लिखिए :

**प्रश्न 1.**

1. **लाइब्रेरी**
2. **थियेटर**
3. **पिक्चर**
4. **इंडिया**
5. **लाइब्रेरियन**

उत्तर :

1. लाइब्रेरी - ग्रंथालय
2. थियेटर - चलचित्र-घर
3. पिक्चर - चित्र
4. इंडिया - भारत
5. लाइब्रेरियन - ग्रंथपाल

## 5. निम्नलिखित शब्दों के विरुद्धार्थी शब्द लिखिए :

**प्रश्न 1.**

1. **आरम्भ** × .........

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

2. **आनंद × .........**
3. **जीवन × .........**
4. **छोटा × .........**
5. **दुःख × .........**

उत्तर :

1. आरम्भ × अंत
2. आनंद × शोक
3. जीवन × मृत्यु
4. छोटा × बड़ा
5. दुःख × सुख

**6. निम्नलिखित वाक्यों में से साधारण, संयुक्त तथा मिश्रित वाक्यों को पहचान कर नाम लिखिए :**

**प्रश्न 1.**

1. **मेरे पिता आर्यसमाज रानीमंडी के प्रधान थे और माँ ने स्त्री-शिक्षा के लिए आदर्श कन्या पाठशाला की स्थापना की थी।**
2. **माँ स्कूली पढ़ाई पर जोर देती थी।**
3. **जल्दी जल्दी घर लौट आया और दो रुपये में से एक रुपये छह आना माँ के हाथ में रख दिया।**
4. **उनका आशीर्वाद था या मेरा जी तोड़ परिश्रम कि तीसरे चौथे में मेरे अच्छे नम्बर आए और पाँच दर्जे में तो मैं प्रथम आया।**
5. **उस साल इण्टरमीडिएट पास किया था।**

उत्तर :

1. संयुक्त वाक्य
2. साधारण वाक्य
3. संयुक्त वाक्य
4. मिश्रित वाक्य
5. साधारण वाक्य

**7. संधि विग्रह कीजिए :**

**प्रश्न 1.**

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

1. **वीरोचित**
2. **रमेश**
3. **देवोचित**
4. **सुरेश**

उत्तर :

1. वीरोचित = वीर + उचित
2. रमेश = रमा + ईश
3. देवोचित = देव + उचित
4. सुरेश = सुर + ईश

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in